कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौतमबुद्धनगर।

पत्रांक – 125/सीएफओ/जीबीएन – 20/162 दिनांक 16/12/2020

सेवा मे –
अग्रसेन पब्लिक स्कूल
दयानतपुर जेवर जी बी नगर

विषय: ग्राम दयानतपुर जनपद गौतमबुद्ध नगर में निर्मित अग्रसेन पब्लिक स्कूल के भवन की अग्नि से सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 9-12-2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा उक्त प्रश्न गत पब्लिक स्कूल के भवन की अग्नि शमन अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त प्रश्न गत भवन की अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण प्रभारी सीजनल यूनिट जेवर से कराया गया तो उनकी आख्या दिनांक 15-12-2020 के अनुसार अग्नि शमन वाहन भवन तक आसानी से आ जा सकते हैं तथा भूतल एवम् प्रथम तल पर निर्मित समस्त कमरों में पर्याप्त संख्या में फायर एक्सटिंग्युशर ए0 बी0 सी0 कार्यशील दशा में पाये गये।

अत: उपलब्ध अग्नि शमन उपकरणों के आधार पर अग्नि शमन अनापत्ति हेतु निम्न शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा तथा स्ट्रेक्चर एवम् इलेक्ट्रिक सेफ्टी का प्रमाण पत्र संबंधित विभाग से प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।

1. प्रबंधक को निर्देशित किया जाता है कि भवन में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को सदैव कार्यशील दशा में बनाएँ, रखा जाए।

2. भवन में स्थापित अग्निशमन उपकरणों में किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर इसकी सूचना अविलम्ब स्थानीय अग्नि शमन केंद्र को दी जाए।

3. भवन के सैट बैक सदैव अवरोध मुक्त रखे जाएँ।

4. उपकरणों को चलाए जाने का प्रशिक्षण अग्नि शमन विभाग से प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।

अत: उपरोक्त निर्देशों का पालन किये जाने की शर्त के साथ अग्नि शमन अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है।

16/12/2020

मुख्य अग्नि शमन अधिकारी
गौतमबुद्धनगर

प्रतिलिपि:- प्रभारी सीजनल यूनिट जेवर को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु।

Scanned with OKEN Scanner